जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

23 जनवरी, 2025

प्रेस विज्ञप्ति

होक्काइडो, जापान के प्रतिनिधिमंडल ने सहयोग की संभावनाओं को तलाशने के लिए जामिया मिल्लिया इस्लामिया का दौरा किया

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट सेल ने 22 जनवरी, 2025 को विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय के डीन के कार्यालय में होक्काइडो, जापान के एक प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी की। 12 सदस्यों वाले इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व ब्यूरो फॉर इंटरनेशनल अफेयर्स के निदेशक एवं होक्काइडो सरकार के नीति नियोजन व समन्वय विभाग के निदेशक श्री काजुआकी इकेदा ने किया। इस दल में विभिन्न उल्लेखनीय उद्योगों और होक्काइडो, जापान सरकार के निदेशक, सीईओ तथा प्रतिनिधि शामिल थे।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट सेल की टीम में प्रो. राहेला फारूकी, यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट सेल की मानद निदेशक, प्रो. सबा खान, मानद उप निदेशक और जामिया मिल्लिया इस्लामिया के प्रशिक्षण और प्लेसमेंट अधिकारी प्रो. रिहान के. सूरी शामिल थे। उनके साथ जामिया मिल्लिया इस्लामिया में इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय की डीन प्रो. मिनी थॉमस भी थीं।

श्री काज़ौकी इकेदा और उनकी टीम ने जापान के होक्काइडो द्वीप में स्थित यामाहा कोको, सपोरो इंडस्ट्री, यामाको इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड, मीडिया मैजिक इंक आदि सहित विभिन्न कंपनियों में आईटी क्षेत्र में इंटर्नशिप तथा रोजगार के अवसरों का पता लगाने के लिए यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट सेल के साथ संभावित सहयोग पर एक प्रस्तुति दी। श्री इकेदा ने जापान के उत्तर में स्थित होक्काइडो द्वीप की भौगोलिक और जलवायु विशेषताओं का अवलोकन भी साझा किया और वह भी इस उम्मीद में कि भारतीय छात्रों को अपनी इंटर्नशिप अवधि के दौरान होक्काइडो में आरामदायक प्रवास मिलेगा।

प्रो सबा खान द्वारा जामिया मिल्लिया इस्लामिया पर एक प्रस्तुति दी गई जिसे होक्काइडो टीम से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। परिणामस्वरूप उन्होंने वास्तुकला, सिविल इंजीनियरिंग, आतिथ्य प्रबंधन एवं प्रोडक्शन इंजीनियरिंग आदि जैसे अन्य क्षेत्रों में अपने क्षितिज का विस्तार करने का संकल्प लिया है। प्रतिनिधिमंडल ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया में विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और इंजीनियरिंग संकायों सहित विभिन्न क्षेत्रों में मौजूद शैक्षिक गुणवत्ता, सांस्कृतिक विविधता और अनुसंधान-उन्मुख अभिनव भावना के लिए प्रशंसा व्यक्त की।

प्रश्नोत्तर सत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ जिसमें छात्रों एवं संकाय सदस्यों ने भाग लिया। जापानी प्रतिनिधिमंडल से अपेक्षा की जाती है कि वह जामिया मिल्लिया इस्लामिया के यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट सेल के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने के लिए अपनी शर्तें प्रदान करेगा।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया